Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 18 मई, 2022

जॉर्ज थॉमस

हाल ही में भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम ने पहली बार **थॉमस कप** का खिताब जीता। थॉमस कप पहली बार 1948-49 में खेला गया था। यह कप 1939 में सर जॉर्ज थॉमस ने अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन महासंघ (IBF) द्वारा प्रबंधित पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं की शृंखला हेतु दान किया था, जिसके तत्कालीन अध्यक्ष थॉमस थे। जॉर्ज एलन थॉमस का जन्म इस्तांबुल, तुर्की में 14 जून 1881 को हुआ था। वह एक महान लेखक, प्रशासक, सैनिक, शतरंज में ग्रैंडमास्टर, अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी और कई अन्य खेलों में उल्लेखनीय खिलाड़ी थे। उन्होंने जनवरी 1903 में डबलिन में पहला अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन मैच खेला था। उनके पास कुल 21 खिताबों (4 पुरुष एकल, 9 पुरुष युगल और 8 मिश्रित युगल) के साथ सर्वाधिक ऑल-इंग्लैंड खिताब का रिकॉर्ड था। वर्ष 1912 से 1920 के बीच लॉन टेनिस के लगातार चार मैचों में उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व भी किया। वर्ष 1906 से 1926 तक उन्होंने विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में भी भाग लिया। 23 जुलाई, 1972 को 91 वर्ष की आयु में इस महान खिलाड़ी का निधन हो गया।

नाइलिट केंद्र

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, संचार और रेलवे मंत्री ने 17 मई, 2022 को **राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT)** केंद्र लेह, एक्सटेंशन सेंटर कारगिल और हस्तशिल्प एवं हथकरघा क्षेत्र के लिये आईटी सक्षम इनक्यूबेशन सेंटर का वर्चुअल उद्घाटन किया। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) एक निकाय है जिसे वर्तमान में देश के सभी क्षेत्रों तथा समाज के सभी खंडों तक पहुँच की दृष्टि से अद्वितीय स्थान प्राप्त है। नाइलिट, भारत में एक प्रोफेशनल परीक्षा निकाय भी है, जो विशेष रूप से शिक्षण एवं प्रशिक्षण के अनौपचारिक क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रॉनिकी में प्रशिक्षण कार्यक्रमों को परिचालित करता है। यह सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिकी, संचार प्रौद्योगिकियों, हार्डवेयर, साइबर कानून, साइबर सुरक्षा, बौद्धिक संपदा अधिकार, क्लाउड कम्प्यूटिंग, ई-गवर्नेंस तथा संबद्ध विषयों पर अर्हता प्राप्त मानव संसाधन के विकास में सक्रियता से शामिल है।

डेफलिंपिक्स

ब्राज़ील में समाप्त हुए डेफलिंपिक्स में भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक अपने नाम किये। ब्राज़ील के 'कासियाज डो सूल' में बधिर एथलीटों के लिये 15 दिनों (1 मई से 15 मई, 2022) तक हुए इस विशेष खेल आयोजन में भारतीय दल ने 11 खेल स्पर्द्धाओं में भाग लेते हुए 8 गोल्ड, 1 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किये। यह भारतीय दल का इन विशेष खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत के 65 एथलीटों के दल ने बैडमिंटन, शूटिंग, कुश्ती, गोल्फ, टेनिस जैसी स्पर्द्धाओं में पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। भारतीय दल कुल 17 पदकों के साथ पदक तालिका में 9वें स्थान पर है। यूक्रेन ने 62 गोल्ड के साथ कुल 138 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया, जबकि अमेरिका 20 गोल्ड समेत 55 पदकों के साथ दूसरे और ईरान 14 गोल्ड के साथ कुल 40 पदक लेकर तीसरे स्थान पर रहा। पहले ये खेल 5 से 21 दिसंबर 2021 के बीच आयोजित होने थे, लेकिन कोविड के कारण खेलों की तारीख आगे बढ़ा दी गई। डेफलिंपिक्स, जिसे डेफलिंपिआड के नाम से भी जाना जाता है, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा स्वीकृत बहु-खेल आयोजनों की एक आवधिक शृंखला है, जिसमें बधिर एथलीट एक विशिष्ट स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा करते हैं।

विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस

प्रतिवर्ष 17 मई को विश्व भर में 'विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस' का आयोजन किया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य इंटरनेट और अन्य सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों (ITC) के उपयोग से समाज तथा अर्थव्यवस्थाओं में लाए जाने वाले महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस दिवस को 'विश्व सूचना समाज दिवस' और 'विश्व दूरसंचार समाज दिवस' के सम्मेलन के रूप में आयोजित किया जाता है। 'विश्व दूरसंचार समाज दिवस' अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) की स्थापना तथा वर्ष 1865 में पहले अंतर्राष्ट्रीय टेलीग्राफ कन्वेंशन पर हस्ताक्षर को चिह्नित करता है, जबकि 'विश्व सूचना समाज दिवस' 'वर्ल्ड समिट ऑन द इंफॉर्मेशन सोसायटी' (WSIS) द्वारा रेखांकित ITC के महत्त्व और सूचना समाज से संबंधित व्यापक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। वर्ष 2006 में संयुक्त राष्ट्र ने दोनों दिवसों को संयुक्त तौर पर प्रतिवर्ष एक साथ आयोजित करने का निर्णय लिया था। वर्ष 2022 के लिये विश्व दूरसंचार एंव सूचना समाज दिवस (2022) की थीम **"वृद्ध व्यक्तियों और स्वस्थ आयु बढ़ाने के लिये डिजिटल तकनीक"** रखी गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-18-may-2022